# अन्नदाताओं के हक में विधानसभा में भीमावद ने आवाज बुलंद की

## विधानसभा में किसानों को मुआवजा राशि और फसल बीमा को लेकर विधायक ने की सराहनीय पहल

**शाजापुर, 3 दिसंबर. प्रदेश के अन्नदाताओं को सही समय पर फसल का दाम मिले, प्राकृतिक प्रकोप, बाढ़, सूखा और अन्य आपदा में किसानों को सही समय पर मुआवजा मिले और फसल बीमा के लिए बीमा कंपनी के साथ राजस्व अधिकारियों को भी शामिल किया जाए. मप्र की सरकार किसानों की हितैषी सरकार है. किसानों के हक में मप्र सरकार लगातार काम कर रही है. शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने प्रदेश के विधानसभा सत्र के दौरान किसानों के पक्ष में आवाज बुलंद करते हुए सदन का ध्यानाकर्षण करवाया.**

गौरतलब है कि मप्र में इन दिनों विधानसभा सत्र चल रहा है, जिसमें विधायक अरुण भीमावद ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनकी सरकार को धन्यवाद देते हुए किसानों के हित में काम करने के लिए साधुवाद दिया. भीमावद ने कहा कि पूरे प्रदेश में किसानों को



सरकार ने मुआवजा वितरित किया और शाजापुर विधानसभा में अल्पवर्षा के चलते मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रस्ताव मंगाकर 84 करोड़ का मुआवजा किसानों को वितरित किया है. भीमावद ने सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि मोहन सरकार ने देश में पहला प्रयोग शाजापुर जिले में किया. जहां किसान नीलगाय और हिरण के कारण परेशान थे. फसलें लगातार चौपट हो रही थी. तो सरकार ने दक्षिण अफ्रीका की टीम बुलाकर बोमा पद्धति से हिरण और नीलगाय को शाजापुर जिले की कालापीपल विधानसभा से पकड़कर वन्य क्षेत्र में छोड़ा. इस पद्धति का संभवत: देश में पहला प्रयास होगा, जिसमें वन्य प्राणियों को बिना किसी नुकसान के पकड़कर वन्य क्षेत्र में छोड़ा गया.

### इस ओर भी ध्यान आकर्षिक करवाया...

विधायक ने विधानसभा में यह भी कहा कि बीमा कंपनियों द्वारा सर्वे उचित तरीके से नहीं किया जा रहा. इससे किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता. उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि बीमा कंपनियों की कार्यप्रणाली पर निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि किसानों को न्यायपूर्ण मुआवजा मिले.

### भावांतर में रिकॉर्ड बिक्री, किसानो का विश्वास बढ़ा

विधायक भीमावद ने बताया कि प्रदेश में 220 कृषि उपज मंडियां एवं 80 उपमंडियां भावांतर योजना के तहत खरीदी कर रही है. अब तक 4 .50 लाख किसानों ने 10 लाख 10 हजार मीट्रिक टन सोयाबीन की बिक्री की है और भावांतर की राशि 10-15 दिनों में किसानों के खातों में जमा की जा रही है. यह किसानों के सरकार पर बढ़ते विश्वास का प्रतीक है.

### गंभीर मुद्दों को प्राथमिकता से उठाया...

मध्य प्रदेश विधानसभा सत्र में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने क्षेत्र में अल्प वर्षा से किसानों को हुए नुकसान, नीलगाय-हिरण से फसल हानि तथा फसल बीमा सर्वे से जुड़े गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हृदयपूर्वक धन्यवाद व्यक्त किया. विधायक ने विधानसभा में बताया कि शाजापुर जिला, मोहन बड़ोदिया, शाजापुर तहसील एवं बड़ोदिया तहसील में अत्यंत कम वर्षा हुई थी. इसी समस्या को उन्होंने मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया. मुख्यमंत्री ने एक छोटे से आग्रह पर त्वरित आदेश जारी करते हुए किसानों को राहत राशि स्वीकृत की, जिससे हजारों कृषक परिवार लाभान्वित हुए. प्रदेश सरकार द्वारा 84 करोड़ रुपए की राहत राशि अल्प वर्षा प्रभावित किसानों को प्रदान की गई, जिसके लिए विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 2016 से 2024 तक 31000 करोड़ रुपए फसल बीमा के माध्यम से किसानों को दिए गए हैं.

## एक नजर में

### बीकेएसएन कॉलेज में एड्स जागरुकता कार्यक्रम हुआ आयोजित




**शाजापुर, 3 दिसंबर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी के मार्गदर्शन में जन जागरूकता रैली का आयोजन हुआ. रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर एबी रोड बस स्टैंड होते हुए जिला अस्पताल में समाप्त हुई. इस अवसर पर प्रो. गिडवानी ने कहा कि जागरूकता रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम जनता को एड्स की रोकथाम, जागरूकता और सामाजिक संकल्प के लिए प्रेरित करना था. राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी व रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने बताया कि महाविद्यालय में एड्स जागरूकता पखवाड़े के तहत व्याख्यान, रंगोली, चित्रकला, कोलाज निर्माण, मेहंदी आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है. जागरूकता रैली में डॉ. श्वेता चौहान, डॉ.निलेश महाजन, डॉ.डीआर राठौर, डॉ.बीएल मालवीय, प्रो. अभिषेक, प्रो.प्रिया जोशी, डॉ.शिवराजसिंह राठौर, डॉ.टीएल चौहान, डॉ. भगवानलाल कलाल, श्रीमती पूजा राठौर सहित समस्त स्टाफ सदस्यों, राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों व एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की.

### राम श्याम की जोड़ी ने दी मनमोहक प्रस्तुति




**शुजालपुर, 3 दिसंबर.** ग्राम जामनेर में मंगलवार रात को सार्वजनिक कृष्ण मंदिर में स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड कार्यक्रम संपन्न हुआ. इसी के साथ साढ़े बारह हनुमान मंदिरों पर हो रहे सुंदरकांड कार्यक्रम का 8वां चरण का समापन ग्राम वासियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ. मंगलवार को राम श्याम की जोड़ी ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर भक्तजनों का मन मोह लिया, तो वहीं मशहूर भजन गायक हरीश सोनी की प्रस्तुति ने भक्तों को नाचने झूमने पर मजबूर कर दिया. साथ ही ओमप्रकाश पाटीदार, गुलाब धाकड़ आदि की प्रस्तुति से लोग झूमकर नाचने को मजबूर हुए. जिससे सुंदरकांड की भक्ति के उल्लास को ओर भी दोगुना कर दिया. सभी ने बाबा के चरणों मे अपनी हाजरी लगाई. सुंदरकांड का पाठ जय सीताराम सुंदरकांड मंडली धाकड़ खेड़ा के संचालक छगनलाल धाकड़ की मंडली द्वारा की जा रही है. कृष्ण मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रहे राजेंद्र राधाकिशन मालवीय इंदौर, मुन्ना सरकार देवास, राजपूत समाज के प्रादेशिक अध्यक्ष मिश्रीलाल सिसोदिया, एसडीओपी निमेष देशमुख, टीकाराम सोलंकी, मदनसिंह वकील, भोजराज परमार, नवीन शिंदे, रचना नीरज जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए, जिनका आभार एडवोकेट अमित मालवीय ने माना, जो कि कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं.

**6 दिसम्बर को होगा 9वां कार्यक्रम**

आयोजन समिति ने बताया कि अगला सुंदरकांड कार्यक्रम ग्राम जामनेर श्री कृष्ण मंदिर पुजारी चंद्रशेखर शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा के यहां टेकरा वाले हनुमान मंदिर पर 6 दिसंबर शनिवार को शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा. देर रात को सार्वजनिक श्री कृष्ण मंदिर वाले हनुमान मंदिर पर कार्यक्रम को सफल होने पर अमरीश पुरी गोस्वामी, एडवोकेट अमित मालवीय, मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष बद्रीप्रसाद राजपूत, मोहनसिंह राजपूत, रामचंद्र राजपूत काका, दिनेश राजपूत, शिवनारायण राजपूत, लालजीराम छालवंत, प्रवीण विश्वकर्मा, राजाराम बारोड़, घनश्याम सोनी, मनोज राजपूत, मंदिर पुजारी प्रदीप शर्मा, राकेश धनगर, मंगलसिंह मालवीय, राधू पटेल आदि ने आभार माना.

### किसान संघ की बैठक आज

**शुजालपुर, 3 दिसंबर.** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत तहसील शुजालपुर की मासिक बैठक 4 दिसंबर को आयोजित की जाएगी. इस संबंध में जानकारी देते हुए निलेश धनगर ने बताया कि यह मासिक बैठक कृषि उपज मंडी बैठक हाल में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगी. इस बैठक में तहसील में निवासरत जिला कार्यकारिणी, शुजालपुर तहसील कार्यकारिणी एवं समस्त ग्राम इकाई अध्यक्ष व मंत्री अपेक्षित है.

### ग्रीमणों ने दी मतदान के बहिष्कार की दी चेतावनी

**शाजापुर, 3 दिसंबर.** जिले की ग्राम पंचायत हरियाणी के डूंगरगांव के ग्रामीणों ने गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर एक आवेदन कलेक्टर जनसुनवाई में गत दिवस दिया. जिसमें उन्होंने बताया कि करीब 1000 की आबादी वाले इस गांव में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है. ग्रामीणों के अनुसार गांव में न तो आवास की पर्याप्त सुविधा है और न ही पानी निकासी के लिए नाले का निर्माण किया गया है. मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए भी कोई पक्का रास्ता नहीं है, जिससे लोगों को परेशानी होती है. गांव के बीच से गुजरने वाले एक बड़े नाले में लगातार गंदा पानी भरा रहता है. इससे दुर्गंध फैलती है और बीमारियों का खतरा बना रहता है. ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं. ग्रामीणों ने नाले से अवैध रेत खनन का आरोप भी लगाया और कहा कि शिकायतें करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे आगामी चुनावों में मतदान का बहिष्कार करेंगे.

# युवा पीढ़ी नशे से दूर रहे, इसके कई दुष्प्रभाव : कलेक्टर

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायत हरनावदा में जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

**नलखेड़ा, 3 दिसंबर. पीढ़ी नशे से दूर रहे, इसके कई दुष्प्रभाव है. यह न सिर्फ मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों पर भी गहरा दुष्प्रभाव छोड़ता है.**

यह बात कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने बुधवार को ग्राम हरनावदा में नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही. कलेक्टर ने ग्रामीण युवाओं को नशे से दूर रहने तथा ग्राम स्तर पर सामूहिक प्रयासों द्वारा नशा मुक्त वातावरण बनाने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि हरनावदा पंचायत नशा मुक्त ग्राम का दर्जा प्राप्त करती है, तो शासन द्वारा निर्धारित राशि के साथ-साथ प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाला सम्मान पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाएगा. कलेक्टर यादव ने कार्यक्रम उपरांत ग्राम पंचायत हरनावदा के कृषक भंवरलाल कृषि फॉर्म पर लगाई गई अफीम एवं चिया फसल का अवलोकन किया. इसके पूर्व




कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन कर किया गया. सभी उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ नन्दा भलावे कुशरे, अनुविभागीय अधिकारी मिलिन्द ढोके, जिला अबकारी अधिकारी राजीव द्विवेदी, जनपद सीईओ बड़ौद जितेन्द्र सिंह सेंगर, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, जिला शिक्षा अधिकारी एमके जाटव, तहसीलदार बड़ौद भंवरसिंह चौहान, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग संतोष सोनारकर, एनआरएलएम सोनी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड बड़ौद जगत डावर एवं ग्राम पंचायत संरपच कमलसिंह, कृषि विस्तार अधिकारी राघव चौहान उपस्थित रहे.



### नशा सामाजिक बुराईयों की जड़ है...

जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम सिंह परिहार ने कहा कि नशा सामाजिक बुराइयों की जड़ है, जो युवा शक्ति को कमजोर करती है और ग्राम की प्रगति को बाधित करती है. उन्होंने उपस्थित ग्रामीणजनों से आग्रह किया कि वे सामूहिक रूप से नशा मुक्ति अभियान में सहभागी बनें और हरनावदा को एक आदर्श नशा मुक्त ग्राम पंचायत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं.

### नशे का सेवन अपराध को जन्म देता है...

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशे का सेवन अनेक प्रकार के अपराधों को जन्म देता है, जिससे समाज दूषित होता है और राष्ट्र की शक्ति कमजोर पड़ती है. उन्होंने नशा उन्मूलन में जनसहभागिता की भूमिका को सर्वोपरि बताया. सामाजिक न्याय के प्रभारी उप संचालक विजय चौरसिया ने कहा कि नशा मुक्त ग्राम का दर्जा प्राप्त करना केवल एक अभियान नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का मजबूत संकल्प है. उन्होंने कहा कि यदि ग्राम पंचायत हरनावदा के सभी नागरिक एकजुट होकर नशा मुक्ति को जीवनशैली का हिस्सा बनाते हैं, तो निश्चित रूप से यह पंचायत जिले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर नशा मुक्त ग्राम पंचायत श्रेणी में सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त कर सकती है. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हरनावदा अपनी सक्रिय जनभागीदारी और जागरूकता के कारण जिला स्तर पर एक आदर्श मॉडल पंचायत के रूप में उभरेगी.

### नवोदय में प्रवेश के लिए 2889 परिक्षार्थी परीक्षा देंगे

**शाजापुर, 3 दिसंबर.** जिले के पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय अरनियाकलां की कक्षा 6ठी में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 2026 का आयोजन 13 दिसंबर शनिवार को प्रात: 11 से दोपहर 1.30 बजे तक जिले के समस्त विकासखंडों के 6 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी. प्राचार्य अशोक कुमार राजे ने बताया कि परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के समय से 1 घंटे पूर्व प्रात: 10 बजे परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश पत्र एवं प्रवेश पत्र में उल्लेखित किए गए पहचान पत्रों के साथ उपस्थित होंगे. परीक्षा में शामिल होने के लिए सीबीएसई द्वारा प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं. प्राचार्य राजे ने बताया कि इस परीक्षा में जिले के 2889 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे, जिसमें शा. उत्कृष्ट बालक उमावि कालापीपल में 480, सेंट टेरेसा उमावि कालापीपल में 492, शा उत्कृष्ट बालक उमावि मोहन बडोदिया में 597, शा बालक उमावि शाजापुर क्रमांक 1 में 453, स्वतंत्र वीर सावरकर 432 एवं शा बालक उमावि सिटी शुजालपुर मंडी शा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी में 435 शामिल होंगे.

### शत-प्रतिशत सर्वे कार्य होने पर सम्मान समारोह आयोजित



**शाजापुर, 3 नवंबर. ग्राम पंचायत मालीखेड़ी का एसआईआर सर्वे कार्य शत प्रतिशत पूर्ण होने पर आंगनवाड़ी केंद्र में सम्मान समारोह आयोजित किया गया.**

जहां बीएलओ रामचंद्र अंसल, सहायक के रूप मे रविंद्र चौहान रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीनाक्षी श्रोत्रिय, प्रीति सोलंकी, सहायिका रानी वर्मा, तेजू बाई का सम्मान बेरछा नायब तहसीलदार गौरव पोरवाल, पटवारी मनोज श्रीवास्तव, प्रकाश चौहान, संकुल प्राचार्य जीएल राजोरिया, सरपंच प्रतिनिधि महेश अंसल व सचिव ओमप्रकाश विश्वकर्मा ने किया. इस अवसर पर पूर्व सरपंच गोकुल अंसल, आनंद आर्य, सुनिता आर्य, सुमन भिलाला, राजेंद्र येवले संकुल क्लर्क आदि उपस्थित थे. संचालन मनोज श्रोत्रिय ने किया. आभार शिक्षक शंकर अंसल माना.

# सड़क निर्माण में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाया

**शुजालपुर, 3 दिसंबर. शहर स्थित वार्ड क्रमांक 13 प्रेमनगर कॉलोनी में सड़क निर्माण किया जाना है, जिसके लिए नगर पालिका ने निर्माण स्थल पर हो चुके पक्के अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया. इस अतिक्रमण को हटाने में नागरिकों ने भी सहयोग किया. बता दें प्रेमनगर कॉलोनी में पीछे की और ग्लोबल स्कूल से गुरु कृपा स्कूल तक कुल 175 मीटर सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण 18.04 फीट की चौड़ाई के साथ किया जाना है.**

सड़क निर्माण के अलावा घरों के सामने नाली की जगह भी छोड़ी जाएगी, जिससे घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर न बहे. इस क्षेत्र में पानी निकासी व सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से उठ रही थी. नगर पालिका द्वारा सीसी रोड का निर्माण 12 लाख 3 हजार 213 रुपए की लागत से किया जाएगा. बुधवार को नगर पालिका अमला सीएमओ





ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पहुंचा तथा सड़क निर्माण में बाधा उत्पन्न करने वाले घरों के बाहर बने ओटले, बाउंड्रीवाल सहित अन्य अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई. इस मार्ग में एक पक्के मकान की छत भी अतिक्रमण के दायरे में आना बताई गई. अतिक्रमण को हटाने के दौरान जेसीबी मशीन खराब हो जाने से पूरा अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका. इस वार्ड में सीसी रोड सड़क निर्माण के बाद आवागमन सुलभ होगा और रहवासियों को मार्ग पर फैलने वाली गंदगी से भी निजात मिलेगी. अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान उपयंत्री जेकीसिंह रोमडे, निर्माण शाखा से महेश बिजानिया, प्रहलाद मालवीय, देवकरण, संतोष मेट सहित नगर पालिका अमला मौजूद रहा.

## एक नजर में ▶ कलेक्टर ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

# कलेक्टर ने 6 कर्मचारियों को दिया शोकाज, वेतन काटने के निर्देश

**शाजापुर, 3 दिसंबर. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक संपन्न हुई. बैठक में कलेक्टर सुश्री बाफना ने अनुपस्थित एवं कार्य में लापरवाही बरतने वाले 6 कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर वेतन काटने के निर्देश दिए.**



आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 26 जनवरी 2026 तक निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण कराना सुनिश्चित करें. निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करें. गुणवत्तापूर्ण कार्य करें, अन्यथा कार्य की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी. साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवनों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने एवं बाला गतिविधियां आदि कार्य कराने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने एक बगिया मां के नाम परियोजना की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने उक्त कार्य में कम प्रगति वाले सहायक यंत्री एवं उपयंत्री का 5-5 दिन का वेतन रोकने के निर्देश जनपद पंचायत सीईओ को दिए. साथ ही उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिये कि वह क्लस्टर स्तर पर प्रति सप्ताह बैठक लेकर कार्य की प्रगति की समीक्षा करें. कलेक्टर ने डग पोण्ड बनाने एवं मछली पालन के लिए लक्ष्य निर्धारित करने तथा किसानों को प्रेरित करने के लिए उनका एक्सपोजर विजिट कराने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को अपूर्ण गौशालाओं को शीघ्र पूर्ण कराने एवं जिन गौशालाओं में अतिक्रमण हैं, वहां से अतिक्रमण मुक्त कर चारागाह का विकास करने तथा अमृत सरोवर का शासन के निर्देशों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिये. साथ ही मनरेगा जॉबकार्ड धारियों की ईकेवाईसी करवाने के निर्देश भी दिए. उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभागीय अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री आदि उपस्थित थे.

### कोई अनुपस्थित, तो कोई कार्य के प्रति उदासीन

कलेक्टर सुश्री बाफना ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जिला समन्वयक आनंद राघव तिवारी के बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 10 दिवस का वेतन काटने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए. इसी तरह आंगनवाड़ी भवनों का भुगतान समय पर नहीं करने पर जिला पंचायत कार्यालय के सहायक ग्रेड 3 रितेश मालवीय एवं जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण कमलेश पाटीदार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर इनका 15-15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए. विकासखंड मो. बड़ोदिया की आजीविका मिशन में समूहों के बैंक लिंकेज की प्रगति लक्ष्य अनुरूप बहुत ज्यादा कम होने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर प्रभारी विकासखण्ड प्रबंधक बृजराज सिंह चौहान, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक अमित सावनेर एवं अभिषेक त्रिपाठी का 10-10 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए.

### 6 प्रकरणों में अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए

**शाजापुर, 3 दिसंबर.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा राज्य शासन से प्राप्त 6 प्रकरणों में गत दिवस अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदाय किए गए, जिसमें निश्चय पिता स्व. अविनाश प्रताप वर्मा को राजस्व विभाग में भृत्य के पद के लिए अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया. इसी प्रकार राजस्व विभाग में सहायक ग्रेड 3 के पद पर हितेषी पिता डॉ. ललित किशोर शर्मा, वर्षा पिता स्व. शिवप्रसाद मालवीय, धीरज पिता स्व. रमेशचन्द्र मालवीय, रोहित डगवाल पिता स्व. ईश्वरसिंह डगवाल तथा हर्षिता पिता स्व. कैलाशचन्द्र परमार को कलेक्टर द्वारा अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए.

**डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक 5 को- शाजापुर,** अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद कुमार कुशवाह ने बताया कि जिला स्तरीय सलाहकार समिति डीएलसीसी बैठक का आयोजन 5 दिसम्बर को शाम 4 बजे एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति डीएलआरसी बैठक का अयोजन 5 दिसम्बर को शाम 5 बजे कलेक्टर कार्यालय सभागृह में किया जाएगा.